अध्याय 10

# यूरोप महाद्वीप

**इस अध्याय में आप सीखेंगे कि:**

- यूरोप के सामान्य परिचय और उसकी भौगोलिक स्थिति के बारे में जानेंगे।
- यूरोप महाद्वीप की विशेषताओं एवं अभिलक्षण के बारे में जानेंगे कि यह महाद्वीप कैसे अन्य महाद्वीप से भिन्न है।

## परिचय (Introduction)

यूरोप उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे छोटा तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से सात महाद्वीपो मे छठा महाद्वीप है। इसे प्रायद्वीपो का प्रायाद्वीप तथा यूरेशिया का प्रायद्वीप भी कहा जाता है। यूरोप पूर्व मे काकेशस पर्वत तथा कैस्पियन सागर द्वारा एशिया से पृथक होता है। यूरोप की तट रेखा बहुत कटी-फटी है जिसके परिणामस्वरूप यहाँ प्राकृतिक पोताश्रयों और पत्तनो के लिए अनेक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हैं।

### राजनीतिक विभाजन

- **स्कैडिनेवियन देश**—आइसलैण्ड + नॉर्वे + स्वीडन + डेनमार्क
- **बाल्टिक देश**—एस्तोनिया + लाटविया + लिथुआनिया
- **निम्न भूमि देश**—बेल्जियम + नीदरलैण्ड + लक्जमबर्ग
- **बाल्कन राज्य**—यूगोस्लाविया (साबिया + मांटीनंग्रो) + स्लोबानिया + क्रोंएशिया + बोस्निया-हर्जेगोविना + मैकडोनिया + बुल्गारिया ग्रीस + रूमानिया + अल्बानिया
- **बेनेलक्स देश**—बेल्जियन + नीदरलैण्ड + लक्जमबर्ग
- **आइबेरिया देश**—स्पेन + पुर्तगाल
- **UK ग्रेटब्रिटेन**—उत्तरी आयरलैण्ड स्काटलैण्ड + ईग्लैण्ड + वेल्स
- **यूरोपियन यूनियन 28 देश**—फ्रांस, लक्जेमबर्ग, डेनमार्क, ब्रिटेन, जर्मनी, बेल्जियम, आयरलैण्ड, हालैण्ड, इटली, स्पेन, ग्रासी, पुर्तगाल, आस्ट्रिया, फिनलैण्ड, स्वीडन, पोलैण्ड, हंगरी, स्लोवेनिया, स्लोवाकिया, लिथुआनिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, लाटविया, साइप्रस, माल्टा, बुल्गारिया, रूमानिया और क्रोएशिया।
- **यूरोजोन 19 देश**—आस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैण्ड, इटली, लैक्जेमवर्ग, नीदरलैण्ड, पुर्तगाल, स्पेन (इन 11 देशो ने 1999 को Euro को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप मे अपनाया) ग्रीस, स्लोवेनिया, माल्टा, साइप्रस, स्लोवाकिया, एस्टोनिया, लटाविया तथा लिथुआनिया।

## भौतिकी भूगोल (Physical Geography)

### सागर, समुद्र, जलसन्धि, और चैनल (Ocean, Sea, Strait & Channel)

***सागर***

यूरोप के उत्तर मे आर्कटिक महासागर तथा पश्चिम मे अटलांटिक महासागर हैं।

- **भूमध्य सागर**—यूरोप और अफ्रीका के बीच में
- **श्वेत सागर**—आर्कटिक महासागर
- **बाल्टिक सागर**—आर्कटिक महासागर
- **उत्तरी सागर**—अटलांटिक महासागर मे ब्रिटेन के पूर्व
- **आइरिश सागर**—अटलांटिक महासागर मे ग्रेट ब्रिटन और आयरलैण्ड के मध्य
- **एड्रियाटिक सागर**—भूमध्यसागर मे इटली के उत्तरी पूर्व में
- **अयोनियन सागर**—भूमध्यसागर मे ग्रीस और इटली के बीच में




चित्र 10.1: यूरोप महाद्वीप

- **काला सागर**—यूरोप और एशिया के बीच मे
- **ओज़ोव सागर**—यूक्रेन के दक्षिण पूर्व तथा काला सागर के उत्तर में
- **मरमरा सागर**—काला सागर के दक्षिण पश्चिम मे
- **एजिअन सागर**—भूमध्यसागर मे ग्रीस और तुर्की के बीच मे
- **ट्राईनियन सागर**—यह इटली के दक्षिण मे अवस्थित है।

### *जलसन्धि*

- **डोवर जलसन्धि**—यह फ्रांस और U.K. को अलग करता है और उत्तरी सागर एवं इंग्लिश चैनल को जोडता है।
- **बोनीफासो जलसन्धि**—यह कोर्सिका को सरडिनिया से अलग करता है।
- **मैसियान जलसन्धि**—यह सिसली और इटली को अलग करता है और अयोनियन सागर को ट्राईनियन सागर से जोडता है।
- **टोरंटो जलसन्धि**—यह एड्रियाटिक सागर को अयोनियन सागर से जोड़ती है।
- **बासपोरस जलसन्धि**—यह मरमरा सागर को काला सागर से जोड़ती है।
- **कर्च जलसन्धि**—यह काला सागर को अजोव सागर से जोड़ती है।

### *चैनल*

- **इंग्लिश चैनल:** यह यू.के. और फ्रांस के मध्य स्थित है।
- **उत्तर चैनल:** यह आइरिश सागर को अटलांटिक महासागर से जोडता है।
- **सेंट जियोग्री का चैनल:** यह आइरिश सागर को केलेटिक सागर से जोडता है।

### *खाड़ी*

- खाड़ी
  - वोथीनियां की खाड़ी
  - जेनोओ की खाड़ी
  - फिनलैंड की खाड़ी
  - लियानस की खाड़ी
  - रीगा की खाड़ा
  - टोरंटो की खाड़ी
- HDI 2011 मे यूरोप देशो की रेकिगं—

| **देश** | **रैकिंग** |
|---|---|
| नार्वे | 1 |
| नीदरलैण्ड | 3 |
| स्विटजरलैण्ड | 11 |
| जर्मनी | 9 |
| डेनमार्क | 16 |

## पर्वत रेंज

1. **स्कैंण्डनेविपन पर्वत श्रेणी**—यह नार्वे, स्वीडन एवं फिनलैण्ड मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है।
2. **जोलेन पर्वत श्रेणी**—यह नार्वे और स्वीडन मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
3. **पेनाइन पर्वत श्रेणी**—इग्लैण्ड मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है।
4. **कैम्ब्रियन पर्वत श्रेणी**—यह वेल्स मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
5. **काला जंगल**—यह जर्मनी मे स्थित भ्रशोध पर्वत श्रेणी है।
6. **घूरा माऊन्ट रेंज**—फ्रांस सव स्वीटजरलैण्ड मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है।
7. **पिरेनीज पर्वत शृंखला**—ये फ्रांस व स्पेन के मध्य विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी हैं यह पर्वत श्रेणी दोनो देशो के मध्य प्राकृतिक सीमा बनाती है।
8. **कैण्टाब्रियन पर्वत श्रेणी**—उत्तरी पश्चिमी स्पेन मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
9. **ऐपीनाइन पर्वत श्रेणी**—इटली मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है।
10. **पिन्डस पर्वत श्रेणी**— यह ग्रीस मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है।
11. **बाल्कन पर्वत श्रेणी**—यह बुल्गारिया मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
12. **कारपेथियन पर्वत श्रेणी**—यह यूक्रेन, रोमानिया एवं पोलैण्ड मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
13. **ट्रासिलवेनिया**—यह रोमानिया मे विस्तृत पर्वत श्रेणी है।
14. **यूराल पर्वत**—यह रूस मे विस्तृत प्राचीन वलित पर्वत श्रेणी है। यह यूरोप एवं एशिया के मध्य प्राकृतिक सीमा बनाती है।
15. **ट्रासिलवेनिया**—यह रूस, जार्जिया, अर्मेनिया एवं अजरबैजान मे विस्तृत नवीन वलित पर्वत श्रेणी है। इसकी सबसे ऊँची पर्वत चोटी एल्बर्स है और यह यूरोप की सबसे ऊची पर्वत चोटी है।

**ध्यातव्य हो कि**

काकेशस पर्वत श्रेणी एशिया और यूरोप के मध्य प्राकृतिक सीमा बनाती है।

16. **दिनारिक पर्वत श्रेणी**—यह क्लोवेनिया क्रोएशिया, मोन्टेनिग्रो, बोसनिया हर्गेगोविना मे स्थित पर्वत श्रेणी है।
17. **आल्प्स एमटीएस रेंज**—यह इटली, स्वीटजरलैण्ड, फ्रांस एव आस्ट्रिया मे विस्तृत वलित पर्वत श्रेणी है। इसकी सबसे ऊँची चोटी मान्ट बलेन है।

## माउन्ट पेक

1. **एटना पर्वत**—सिसली मे स्थित सक्रिय ज्वालामुखी पर्वत है।
2. **विसुवियस पर्वत**—यह इटली मे स्थित सुपुप्त ज्वालामुखी पर्वत है।

## मैदान

1. **हंगरी का मैदान**—यह कारपेथियन पर्वत श्रेणी एवं दिनारिक अल्पस पर्वत श्रेणी के मध्य स्थित अन्तरापर्वतीय मैदान है। यहाँ घास के मैदान को 'पुस्टाज (Pustaz)' कहते है।
2. **वालचियन का मैदान**—यह रोमानिया मे विस्तृत मैदान है।
3. **फ्रांस के मैदान**—यह फ्रांस मे विस्तृत यूरोप का सबसे बडा मैदान है।
4. **उत्तर यूरोपीय मैदान**—यह हिमानीकृत अपरदनात्मक मैदान है।

## झील और नदी

### *झील*

- **जेनेवा झील**—यह स्विटजरलैण्ड मे स्थित हिमानीकृत झील है।
- **कान्सटेनस झील**—यह जर्मनी मे स्थित हिमानीकृत झील है।
- **लादोगा एवं ओनेगा झील**—यह उत्तरी रूस मे स्थित हिमानीकृत झील है।

### *नदी*

- **टेम्स नदी**—यह इग्लैण्ड मे कास्टवोल्ड पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर मे गिरती है। लंदन इसके किनारे स्थित है।
- **एल्ब नदी**—यह जर्मनी मे हार्ज पर्वत से निकलकर उत्तरी सागर मे गिरती है और एक्रुरी बनाती है। हेम्बर्ग शहर इसके किनारे स्थित है।
- **वसर नदी**—जर्मनी मे बोहिमिया फारेस्ट से निकलकर उततरी सागर मे गिरती है।
- **राइन नदी**—यह जर्मनी मे काला जंगल से निकलकर उत्तरी सागर मे गिरती है। यह भृंग घाटी मे बहती है। इसे कोयला नदी भी कहा जाता है। रोनी नसकी सहायक नदी है जो कोयले के भण्डार के लिए जानी जाती है।
- **सीन नदी**—यह फ्रांस मे जुरा पर्वत से निकलकर लियोन की खाड़ी मे गिरती है यह नदी नहरो के द्वारा सीन और राइन को जोड़ती है।
- **एबरो नदी**—यह स्पेन मे कैटाबयन पर्वत से निकलकर भूमध्य सागर
- **पो नदी**—यह इटली मे अल्पस पर्वत से निकलकार एड्रायटिक सागर मे गिरती है। इसे इटली की गंगा कहते है।
- **टिबर नदी**—यह इटली मे अपेनाइन पर्वत श्रेणी से निकलकर ट्राईनियन सागर मे गिरती है। इटली की राजधनी रोम इस नदी के तट पर स्थित है।
- **डेन्यूब नदी**—यह जर्मनी मे कॉन्स्टेंस झील के पास से निकलकर आस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, (एबरो नदी) सर्बिया, रोमानिया होते हुए काला सागर मे गिरती है।

**ध्यातव्य हो कि**

- यह स्लोवाकिया, क्रोएशिया, रोमानिया, बुल्गारिया एवं यूक्रेन के मध्य प्राकृतिक सीमा बनाती है।
- वियना, बेलग्रेड एव बुडापेस्ट इसके किनारे स्थित है।
- वोल्गा यूरोप की सबसे लम्बी नदी है जो कि रूस में है।

## जलवायु और स्थानीय पवन (Climatae & Local Wind)

### *जलवायु*

- **टुण्ड्रा जलवायु**—इस प्रकार की जलवायु नार्वे, स्वीडन, फिनलैण्ड व उत्तरी रूस मे पायी जाती है। यहाँ 6 महीने अँधेरा रहता है क्योकि यहाँ सूर्य की किरने तिरछी पडती है।

**ध्यातव्य हो कि**

यहाँ लाइकेन, काई जैसी वनस्पतियाँ पायी जाती है।

- **टैगा जलवायु प्रदेश**—इस प्रकार की जलवायु नार्वे, स्वीडन, बेलारूस मे पायी जाती है। यहाँ शंकुधारी वृक्ष पाये जाते है। जो मुलायम लकड़ी वाले वृक्ष होते है। चूंकि एक ही प्रकार के वृक्ष विस्तृत क्षेत्र मे पाये जाते है इसलिए इनका वाणिज्यिक दोहन आसान होता है।

**ध्यातव्य हो कि**

इस प्रदेश मे पाडजाल मृदा पायी जाती है।

- **भूमध्यसागरीय जलवायु**—इस प्रकार की जलवायु भूमध्य सागर के आस पास के देशो जैसे पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, इटली, ग्रीस, अल्वानिया, माउण्टेनेग्रो, सर्बिया, बोसनिया-हर्जेगोविना मे पायी जाती है। यहाँ शीत ऋतु मे वर्षा ग्रीष्म ऋतु मे शुष्कता होती है।

**ध्यातव्य हो कि**

यहाँ रसदार फलो की कृषि होती है। इसलिये इस प्रदेश को उद्यान भूमि प्रदेश कहा जाता है।

- **पश्चिमी यूरोपीय जलवायु**—इस प्रकार की जलवायु यू. के. आयरलैण्ड, जर्मनी, नीदरलैण्ड, फ्रांस, बेल्जियम इत्यादि मे पायी जाती है। यहाँ पछुआ पवनो से वर्ष भर वर्षा होती है। यह प्रदेश शीतोष्णकटिबन्धीय चक्रवातो से प्रभावित रहते है।

### *स्थानीय पवन*

- **मिस्ट्रल पवन**—यह फ्रांस मे रोन नदी घाटी मे चलने वाली ठण्डी पवन है। इसके प्रभाव से फसलो को बहुत नुकसान होता है इससे पाला पड जाता है।
- **वाइज पवन**—यह फ्रांस के पश्चिमी भाग मे चलने वाली ठण्डी पवन है।
- **फॉन पवन**—यह अल्पस पर्वत से इटली की ओर चलने वाली गर्मपवन है यह उत्तरी अमेरिकी की चिनूक समतुल्य है।
- **बोरा पवन**—यह दक्षिणी यूरोप मे ग्रीस, अल्बानिया, सर्बिया, मउण्टेनिग्रो से होते हुए एड्रियाटिक सागर की ओर चलने वाली ठण्डी पवन है।
- **लेवेण्टर पवन**—स्पेन मे चलने वाली ठण्डी पवन को लेवेण्टर कहते है।
- **लेवेचे पवन**—स्पेन मे चलने वाली गर्म पवन को लेवेचे पवन कहते है।

## आर्थिक भूगोल (Economical Geography)

### *कृषि*

**तालिका 10.1: प्रमुख फसल और उनके उत्पादक देश**

| प्रमुख फसल | उत्पादक देश |
|---|---|
| गेहूँ | फ्रांस, जर्मनी, हंगीर, रोमानिया |
| जौ | फ्रांस, जर्मनी |
| मक्का | फ्रांस, जर्मनी, हंगरी |
| चुकन्दर | जर्मनी |
| आलू | आयरलैण्ड |
| अंगूर, सन्तरा और जैतून | फ्रांस, स्पेन, इटली, ग्रीस |

### *डेयरी उद्योग*

डेयरी उद्योग के लिए प्रसिद्ध देश—डेनमार्क, नार्वे, यूके, जर्मनी

मत्यसन पालन

मत्यसन पालन के लिए प्रसिद्ध देश—यूके, नार्वे, फ्रांस

### *खनिज*

**तालिका 10.2: प्रमुख खनिज और उनके उत्पादक देश**

| प्रमुख खनिज | उत्पादक देश |
|---|---|
| लौह अयस्क | स्वीडन (किरूना, गैलिवरे), जर्मनी (सीजरलैण्ड घाटी) फ्रांस (लारेन क्षेत्र) स्पेन विल्बाओ), यूके (नार्धम्पटन) |
| कोयला | जर्मनी (रूर बेसिन) तथा उत्तरी फ्रांस और बेल्जियम के सार बेसिन, ग्रेट ब्रिटेन की पिनाइन पर्वत श्रेणी पोलैण्ड का साइलिसियन कोयले के बडे भण्डारो मे एक है। |
| बॉक्साइट | दक्षिणी फ्रांस, ग्रीस, हंगरी |
| सीसा, जस्ता | स्पेन, सार्बिया, मांटीनेग्रो |
| पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस | यूके एवं जर्मनी का सागर क्षेत्र |
| यूरेनियम | स्पेन, फ्रांस, जर्मनी, यूके |
| चाँदी | पोलैण्ड |

### तालिका 10.4: प्रमुख उद्योग

| शहर | उद्योग के लिए प्रसिद्ध |
|---|---|
| • ग्लासगो | लौह एवं इस्पात उद्योग |
| • लिवरपुल | वस्त्र उद्योग |
| • मैनचेस्टर | सूती वस्त्र उद्योग |
| • लंकाशयर क्षेत्र | यह सूती वस्त्र उद्योग के लिये प्रसिद्ध है इसे सूती वस्त्र की कब्रगाह कहा जाता है। |
| • बर्किघम | मोटरगाड़ी उद्योग, लौह इस्पात उद्योग |
| • लंदन | इलेक्ट्रानिक उद्योग, वायुयान, विद्युत अपकरण |
| • डबलिन | वस्त्र उद्योग, लौह एवं इस्पात उद्योग, जलपोत निर्माण केन्द्र |
| • ओस्लो | कागज एवं लुग्दी उद्योग, मत्सयन |
| • स्वीडन | वस्त्र, मोटरगाड़ी, विद्युत उपकरण |

**अन्य**

***फिनलैण्ड***

- इसे हज़ार झीलों का देश कहा जाता है।
- हेलिन्सकी यहाँ का बंदरगाह है।
- हेलिन्सकी मे कागज एवं लुग्दी उद्योग स्थापित है।
- फिनलैण्ड मे लैप्स नामक जनजाति पायी जाती है।
- बर्लिन—इलेक्ट्रानिक एवं वस्त्र उद्योग
- हैम्बर्ग—यहा नदीय बंदरगाह है।

## अध्याय सार संग्रह

- यूरोपीय महाद्वीप का सबसे उत्तरी बिन्दु केप नोर्डकिन (नार्वे) है, महाद्वीप का उत्तरी छोर केप माइज फ्लीजेली (81°51' उत्तरी अक्षांश) है दक्षिणी बिन्दु 'पुण्टा डे तरिफा' एवं पश्चिमी किनारा कोबो डोटोका एवं पूर्वी छोर मूराल पर्वत का पोलनी भाग है।
- यूरोप के नवीन पर्वतों में आल्पस (फ्रांस) और काकेशस पर्वत प्रमुख है।
- यूरोप में चार प्रकार की जलवायु पायी जाती हैं—

  उत्तरी भाग—उपध्रुवीय तथा टुण्ड्रा जलवायु

  पश्चिमी भाग—सागरीय जलवायु

  मध्य भाग—समशीतोष्ण जलवायु

  पूर्वी भाग—महाद्वीपीय जलवायु
- यूरोप के पूर्वी भाग (यूक्रेन तथा बेलारूस) में स्टेपी (घास के मैदान) पाये जाते हैं।
- यूरोप की प्रमुख खाड़ियाँ

| नाम | अवस्थिति |
|---|---|
| रीगा की खाड़ी | बाल्टिक सागर |
| फिनलैण्ड की खाड़ी | बाल्टिक सागर |
| बोथनिया की खाड़ी | बाल्टिक सागर |
| इंग्लिश चैनल | अटलांटिक महासागर |
| बिस्के की खाड़ी | अटलांटिक महासागर |
| लायन की खाड़ी | भूमध्य सागर |

- यूरोप के मुख्य प्रायद्वीप

| नाम | महत्वपूर्ण तथ्य |
|---|---|
| आइबेरियन प्रायद्वीप या स्पैनिश पठार | बिस्के की खाड़ी, भूमध्य सागर और अटलांटिक महासागर से घिरी हुई। |
| बाल्कन प्रायद्वीप | काला सागर, एजिअन सागर और एड्रिआटिक सागर से घिरे हुए बुल्गारिया, मेसिडोनिया, अल्बानिया और ग्रीस जैसे देश इसके अन्तर्गत सम्मिलित है। |
| कोला प्रायद्वीप | रूस में श्वेत सागर और आर्कटिक महासागर से घिर हुए। |

- यूरोप स्थित यूक्रेन के स्टेपी क्षेत्र को विश्व का अन्न भण्डार या रोटी की डलिया कहा जाता है।